रोहतक

सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 247
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 36.5
न्यून. 21.2

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 कॉकरॉफ्ट ने जीता 19वां विश्व चैंपियनशिप गोल्ड





**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस विदेशी पार्टी, अंग्रेजों की औलाद : विज



**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कोलंबिया में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरएसएस के खिलाफ दिए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस विदेशी पार्टी जिसका जन्म एक अंग्रेज ने किया था, इसलिए यह अंग्रेजों की औलाद है, भाजपा देसी पार्टी जो भारत की तरक्की के लिए काम करती है। इसके अलावाविज ने सुरजेवाला एक हताश कवि की तरह लगे हुए हैं और वैसे ही गीत लिख रहे हैं जैसे कोई डिप्रेशन में लिख रहा हो।

### बिजली निजीकरण का विरोध करेंगे : लांबा

**चंडीगढ़।** बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई ) ने आगामी 4 एवं 05 नवम्बर को मुम्बई में निजीकरण के एजेंडे पर होने वाली डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट का प्रबल विरोध करने का निर्णय लिया है। कमेटी ने साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि केन्द्र और प्रदेश सरकारों की बिजली के निजीकरण की नीति खासकर उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया तथा महाराष्ट्र में निजी घरानों को पैरेलल लाइसेंस देने एवं चंडीगढ़ के निजीकरण का जोरदार विरोध करने हेतु देशव्यापी आन्दोलन चलाया जायेगा।

### सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मुख्यमंत्री मस्त हैं और प्रदेश त्रस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को एक साल पूरा होने वाला है, सीएम नायब सैनी एक साल के कार्यकाल की कोई पांच बड़ी उपलब्धियां जनता को बताएं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीएम पूरे दिन हैलीकॉप्टर पर यात्राएं करने में व्यस्त रहते हैं और उनके मंत्री यह कहते है कि सीएम जब जमीन पर उतरेंगे तब उन्हें प्रदेश के खराब हालातों का पता चलेगा।

### शिक्षकों को एआई का प्रशिक्षण दिया

**पंचकूला।** शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए पंचकूला में जिला स्तरीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पंचकूला द्वारा संध्या छिकारा, जिला शिक्षा अधिकारी सह प्राचार्य के मार्गदर्शन में 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जिला स्तरीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को एआई के सिद्धांतों, उपयोगों तथा इसके शैक्षणिक महत्व की गहन जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, नवोन्मेषी और तकनीकी रूप से सशक्त बना सकें। पंचकूला जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से 38 शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में हिस्सा लिया और एआई का प्रशिक्षण लिया।

---

मुख्यमंत्री अपने पहले विदेशी दौरे पर, जापान के उद्योगपतियों के साथ करेंगे बैठकें

# तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने के लिए जापानी निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे

■ चंडीगढ़ से शताब्दी में दिल्ली गए ■ रेलयात्रियों के साथ की मुख्यमंत्री ने की गुफ्तगू





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शताब्दी ट्रेन से चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने इस दौरान उन्होंने कुछ इलेक्ट्रानिक क्षेत्रीय चैनलों से बातचीत की और अपने जापान दौरे तथा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अपने जापान के दौरे के बारे में बताया कि वे 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जापान के दौरे पर रहेंगे। तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने के लिए जापानी निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे, वहीं जापान में बसे हरियाणा के लोगों से भी संवाद करेंगे।उन्होंने कहा कि हरियाणा की उद्योग नीति के मुताबिक जापान दौरा निवेश बढ़ाने और नए अवसर पैदा करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को प्रदेश की वर्तमान सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है , इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पधारेंगे और अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रदेशवासियों में पीएम के दौरे को लेकर उत्साह है।

## एमएसपी को लेकर विपक्ष द्वारा दुष्प्रचार कर रहा

मुख्यमंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि एमएसपी को लेकर विपक्ष द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सारे आरोप हवा हो चुके हैं। कांग्रेस खत्म हो चुकी है और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश की सरकार लगातार जनहित के काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने एक साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाया है। सीएलयू सीडी कांड के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामले कांग्रेस सरकार के समय होते थे। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी ने हमेशा जोड़ने का काम किया है। बीरेंद्र सिंह को मंत्री, उनके बेटे को सांसद और उनकी पत्नी को विधायक बनाया। इतना सम्मान तो कांग्रेस ने उन्हें कभी नहीं दिया।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीन गुणा गति से काम कर रहे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश सरकार के 1 साल पूरा होने पर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा तीन गुना गति से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र के 42 वायदे पूरे हो चुके हैं और 90 पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य की करीब 19 लाख बहनों को मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है। सरकार के तीसरे कार्यकाल में अब तक 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। राज्य में पंचायत की जमीन पर 20 साल से कब्जा किए बैठे लोगों को मालिकाना हक दिया जा रहा है। 90% अंक लाने वाली अनुसूचित जाति की छात्राओं को 1.11 लाख की राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है।

## जापान में हरियाणा पवेलियन का दौरा करेंगे मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा विकसित भारत - विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री का यह दौरा हरियाणा को वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, और हरियाणा इस अभियान का अग्रदूत बनकर विकसित भारत, विकसित हरियाणा के लक्ष्य को मजबूत आधार दे रहा है।

### तीन दिन जापान में रहेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री के 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दौरे का उद्देश्य हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री जापानी निवेश को आकर्षित करने, हरियाणा को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने और तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने की दिशा में निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे। मुख्यमंत्री 6 की सुबह टोक्यो पहुंचेंगे और अपनी आधिकारिक गतिविधियों की शुरुआत जापान के विदेश मंत्रालय व अन्य बैठकों की शुरुआत करेंगे।

### संत कबीर कुटीर में लोगों को समस्याएं सुनीं



---

## सीपीए कॉन्फ्रेंस हिस्सा लेने दक्षिण अमेरिका पहुंचा विधानसभा का शिष्टमंडल



चंडीगढ़।राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए हरियाणा विधान सभा का शिष्टमंडल रविवार को दक्षिण अमेरिका पहुंच गया। शिष्टमंडल का नेतृत्व विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण कर रहे हैं।

**सम्मेलन को संबोधित करेंगे विस स्पीकर**

इस शिष्टमंडल में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक योगेंद्र राणा, विधान सभा सचिव राजीव प्रसाद और दो अधिकारी शामिल हैं। हरविन्द्र कल्याण सीपीए की हरियाणा शाखा के भी अध्यक्ष हैं। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कॉन्फ्रेंस 6 से 12 अक्तूबर तक दक्षिण अमेरिका के बारबाडोस के ब्रिज टाउन शहर में होगी। हरविन्द्र कल्याण किसी एक दिन सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित भी करेंगे।राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कॉन्फ्रेंस कॉमनवेल्थ देशों के बीच संसदीय साझेदारी को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिष्टमंडल वैश्विक संसदीय प्रक्रियाओं में हो रहे नवीनतम नवाचारों को समझने और उन्हें विभिन्न विधान मंडलों में लागू करने के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ मनाएं दिवाली : राव नरबीर

चंडीगढ़। गउद्योग एवं वाणिज्य तथा पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस बार हर देशवासी को वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ स्वदेशी दीपों से दिवाली मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर खर्च किया गया हर रुपया न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि रोजगार सृजन में भी योगदान देगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा।राव नरबीर सिंह गुरुग्राम जिला के फर्रुखनगर में प्रजापति कुम्भकार संघ द्वारा आयोजित 9वें मिशन माटी दीप महोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सामुदायिक केंद्र परिसर में एक साथ सामूहिक रूप से 5151 दीपों का प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने नगर पालिका फर्रूखनगर कार्यालय और लाइब्रेरी भवन का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

बरवाला में रेफ्रिजरेशन गोदाम में आग लगने का मामला

## एक्शन में गंगवा, लापरवाही के आरोप में दमकल विभाग के सभी कर्मचारी सस्पेंड

**बरवाला।** दशहरे वाली रात को वार्ड नंबर 11 में स्थित विकास रेफ्रिजरेशन के गोदाम में लगी भयानक आग के मामले में दमकल कर्मियों द्वारा लापरवाही बरतने के चलते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा हादसे के समय ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम से फोन पर बात की और मौके का निरीक्षण करके आगजनी की घटना का शिकार विकास रेफ्रिजरेशन गोदाम के मालिक धनी राम को अधिक से अधिक मुआवजा दिए जाने बाबत कहा ताकि वे अपनी कारोबार का दोबारा से काम चला सके। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा की इस कार्रवाई से विकास रेफ्रिजरेशन गोदाम के मालिक धनी राम और बरवाला शहर की जनता संतुष्ट नजर आई। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री रविवार को वार्ड नं.11 में स्थित विकास रेफ्रिजरेशन के गोदाम में पहुंची और घटना की जानकारी ली।

■ कैबिनेट मंत्री ने किया गोदाम का निरीक्षण



### फोन पर सूचना देने के बाद भी एक घंटे देरी से पहुंचे थे कर्मचारी

विकास रेफ्रिजरेशन गोदाम के मालिक गांव ढाणी खान बहादुर निवासी धनीराम ने मौके पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा को बताया कि विकास रेफ्रिजरेशन गोदाम में लगी आग की सूचना मोबाइल के माध्यम से देने के बाद भी और मौके पर सूचना देने के बाद भी एक घंटे तक कोई भी फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। धनी राम ने चाबी लेकर स्वयं चलाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी कार्यालय से बाहर निकाली। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की वजह से ही विकास रेफ्रिजरेशन के गोदाम में लगभग 35 लाख रुपये का नुकसान हो गया। धनी राम ने आग की घटना के वक्त फायर ब्रिगेड कर्मचारियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया तो रणबीर सिंह गंगवा ने तुरंत प्रभाव से जिन-जिन कर्मचारियों की दशहरे वाली रात को फायर ब्रिगेड कार्यालय में ड्यूटी थी उन सभी कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश दे दिए।

## सरकार ने किए वादे पर वादे पर निभाए बहुत कम : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार को एक साल पूरा होने का जश्न मनाने से पहले अधूरे वादों का हिसाब जनता को देना चाहिए क्योंकि भाजपा ने चुनावों के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन उनमें से अधिकतर अब तक अधूरे हैं। जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, जबकि सरकार आत्मप्रशंसा में लगी हुई है। कांग्रेस जनता के हर मुद्दे रोजगार, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसान अधिकारों को मजबूती से उठाएगी और भाजपा सरकार से जवाब मांगेगी।सांसद सैलजा ने कहा है कि लाडो लक्ष्मी योजना में हर महिला को 2,100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में इसे सीमित कर केवल कुछ पात्र परिवारों तक सिमटा दिया गया।

## मंडियों में बाजरे और धान की खुली लूट, किसान हर बोरी पर 600 तक का घाटा झेलने को मजबूर

**चंडीगढ़।** प्रदेश में धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू हुए 14 दिन हो चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भाजपा सरकार के तमाम वादों और दावों के बावजूद किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मंडियों में न तो खरीद व्यवस्था सुचारू है और न ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने रविवार को बयान जारी कर हरियाणा की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तय धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 प्रति क्विंटल है, लेकिन हरियाणा के अधिकांश जिलों की मंडियों में किसानों को 1700 से 1900 तक ही दाम मिल रहे हैं। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 500 से 700 तक का सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### मंडियों में हालात बेकाबू : ढांडा



22 सितंबर से खरीद प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद 70 प्रतिशत मंडियों में हालात बेकाबू हैं। बारदाने की कमी, तौल कांटों की खराबी, नमी के नाम कटौती और प्रशासनिक लापरवाही ने किसानों को सड़कों और मंडियों में भटकने पर मजबूर कर दिया है। रोहतक, गोहाना, कैथल सहित अन्य जगह इसे ही हालत है।

सभी आरोपी दिल्ली के रहने वाले

## दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 40 लाख की वसूली, चार महिलाओं सहित नौ गिरफ्तार, एक गाड़ी लेकर फरार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में युवक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उससे 40 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के मामले में सोनीपत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला आरोपियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना कुंडली पुलिस और स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत की संयुक्त टीम ने की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महिला शिवानी, रेखा, तान्या और नंदिनी, सभी निवासी नरेला दिल्ली, तथा आरोपित तरुण, साहिल, शुभम निवासी नरेला, दिल्ली, यतेन्द्र और आशीष निवासी रोहिणी, दिल्ली के रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य आरोपित अभिषेक निवासी नरेला अपनी गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पहले सहमति से संबंध बनाए, फिर धमकी देकर वसूली शुरू कर



मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को थाना कुंडली में एक युवक ने शिकायत दी थी कि उसकी दोस्ती उसकी ही कंपनी में काम करने वाली युवती शिवानी से हुई थी। दोनों बालिग थे और आपसी सहमति से रिलेशनशिप में आए। बाद में युवक को पता चला कि शिवानी किसी अन्य युवक से भी मिलती है, जिसके बाद उसने उससे दूरी बना ली। इसी बीच युवक की शादी तय हो गई, तो शिवानी ने उस पर दबाव बनाने के लिए नरेला थाना दिल्ली में उसके खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दे दी। इसके बाद आरोपित शिवानी ने समझौते के बहाने युवक से हर महीने रुपये देने का एग्रीमेंट करवाया और डर दिखाकर दो लाख रुपये अपने दोस्त अभिषेक के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता ने जब पैसे देना बंद किया तो शिवानी ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर 40 लाख रुपये की फिरौती मांगनी शुरू कर दी।

---

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आज

बोले- जो भी नेता हाईकमान के फैसले का विरोध करते हैं, वे इस्तीफा दे कर जा सकते हैं

## राव का दावा-पार्टी में किसी का एकछत्र राज नहीं चलेगा, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को विधिवत जिम्मेदारी के लिए सोमवार (आज) चंडीगढ़ में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया है। नए पीसीसी चीफ का दावा है कि कांग्रेस के अंदर कोई भी एकक्षत्र राज नहीं चलेगा और ना ही किसी भी तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त की जाएगी। उन्हें उम्मीद है कि सभी कांग्रेस के दिग्गज एक मंच पर दखाई देंगी कांग्रेस में कोई भी धड़ेबंदी व गुटबाजी नहीं है। हरियाणा कांग्रेस नए अध्यक्ष राव नरेंद्र का दावा है कि कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता एक ही मंच पर नजर आएंगे पार्टी के अंदर कोई भी फूट नहीं है। इस क्रम में उन्होंने 6 अक्टूबर (सोमवार ) को चंडीगढ़ में शपथ ग्रहण समारोह की पार्टी एकजुट दिखेगी। उन्होंने अनुशासनहीनता अथवा गुटबाजी को लेकर साफ कर दिया है कि किसी तरह का कोई भी मामला संज्ञान में आया तो कार्रवाई होगी। राव नरेंद्र सिंह का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान की ओर से उनको यह जिम्मेदारी सौंपी है। अब कांग्रेस में किसी का एकछत्र राज नहीं चलेगा।

### पार्टी के नेता एकजुट, मंच पर नजर आएंगे



कांग्रेस के नए अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने साफ कर दिया है कि सोमवार को होने वाले उनके शपथ ग्रहण समारोह में पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट और एक मंच पर नजर आएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो नेता पार्टी हाईकमान के फैसले का विरोध करते हैं, वे तुरंत इस्तीफा देकर कहीं और जा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाईकमान ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है और अब पार्टी में किसी एक नेता का राज नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से उन्हें सभी नेताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत का काम दिया है, जिसको पूरा करने के लिए वे रात दिन काम करेंगे।

### अगर कोई विरोध करता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए विरोधियों को कड़ी चेतावनी दी व कहा कहा, कांग्रेस के विरोधी पार्टी से तुरंत इस्तीफा देकर जहां जाना हो वहां जाएं। आलाकमान द्वारा लिए गए फैसले को सभी को मानना चाहिए। उन्होंने कहा, सबको निर्णय को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, फिर भी अगर कोई विरोध करता है, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

**हिसार सांसद जेपी समर्थन में :** कांग्रेसी सांसद जेपी का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा बहुत ही बढ़िया फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पीसीसी चीफ राव नरेंद्र को बनाना बहुत ही बढ़िया फैसला है, हम उसका स्वागत करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों ही मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

### शपथ ग्रहण समारोह पर लोगों की नजरें

शपथ ग्रहण के दौरान कौन कौन से नेता शामिल होंगे यह भी देखने वाली बात होगी। सोमवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी की नजरें लगी हुई हैं, कि कांग्रेसी सांसदों, नेताओं में कितने लोग नए प्रदेश प्रमुख के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। हालांकि पीसीसी चीफ सभी को साथ में लेकर चलने की बात कर रहे हैं। साथ ही अनुशासन तोड़ने वाले नेताओं को कार्रवाई की चेतावनी भी दे रहे हैं।वहीं कांग्रेस के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने सूबे में सद्भावना यात्रा की शुरुआत कर दी है। प्रदेश की राजनीति में स्थापित होने की मुहिम को इसका कारण माना जा रहा है। रविवार को यात्रा का दौर शुरू हो गया है।

---

सद्भावना यात्रा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित : बीरेंद्र सिंह

## सामाजिक मायने राजनीति मायनों से बड़े, समाज को एकजुट करना ही यात्रा का असली मकसद

भूपेंद्र ⏭ उचाना

रविवार को बांगर के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेद्र सिंह पैदल यात्रा पर निकले। ये यात्रा प्रदेश के सभी 90 हलकों से होकर गुजरेगी। यात्रा में राजस्थान के चुरू से सांसद राहुल कस्वां, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के बेटे एवं कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज शामिल हुईं। महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्धाज ने हरी झंडी देकर यात्रा को रवाना किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा सदभाव यात्रा के सामाजिक मायने राजनीति मायनों से बड़े है। समाज के भाईचारे को तोडऩे की भाजपा ने कोशिश की है। समाज एकत्रित रहे उसको लेकर ये यात्रा निकाली जा रही है। सामाजिक रूप से बांट कर कोई वोट लेना चाहेगा तो उसका हम विरोध करेंगे। समाज को एक रखने की कोशिश करेंगे। जो प्रदेश को तोडऩे की बात करते है हम उनका विरोध करते हैं।



### कांग्रेस को जो तोड़ने की बात कर रहे हैं हम उनका भी विरोध करेंगे

यात्रा का मकसद 36 बिरादरी में भाईचारे को बढ़ावा देना है। यह यात्रा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित है। बृजेंद्र सिंह 4 महीने पहले राहुल गांधी से मिले और यात्रा को लेकर बात की। राहुल गांधी ने कहा था कि अपने हिसाब से लोगों को इकट्ठा करने के नारे लगाने हैं। कांग्रेस ने हमेशा से ही भाईचारे को इकट्ठा करना सीखा है। कांग्रेस को जो तोड़ने की बात कर रहे हैं हम उनका भी विरोध करेंगे। भाजपा किसान विरोधी है। भाजपा सरकार किसी भी गरीब वर्ग को बढने नहीं देती है। हम हिंदू और मुसलमान को इकट्ठा कर रहे हैं।

रोहतक
सोमवार, 6 अक्टूबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 247
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.5
न्यून. 21.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 शुगर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, किसानों की समस्याओं का समाधान होगा : शाह

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की अहम बैठक 9 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आगामी 9 अक्तूबर को सुबह 11 बजे नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। सभी मंत्री इस अहम बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली जाएंगे। *ब्यूरो*



### रोहतांग दर्रे सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी से लोगों की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई हैं। रविवार को रोहतांग दर्रे और धौलाधार पर्वतमाला समेत राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में सुबह ताजा बर्फबारी हुई। इससे पूरे प्रदेश में तापमान में गिरावट आई। *एजेंसी*



### ई-कॉमर्स कंपनियों के हिडन चार्ज वाले खेल पर शिकंजा

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा कैश-ऑन-डिलीवरी ऑर्डर्स पर हिडन चार्ज लगाने की शिकायतों के बाद सरकार हरकत में आ गई है। उपभोक्ता मामलों का विभाग अब इन कंपनियों की जांच कर रहा है ताकि ग्राहकों को हो रहे नुकसान के तरीकों की सच्चाई सामने आ सके। *एजेंसी*



### रूसी नागरिक की यारदा तट पर डूबने से मौत

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के यारदा तट पर रविवार को 62 वर्षीय एक रूसी नागरिक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यारदा तट पर एक रूसी नागरिक तेज समुद्री धारा में बह गया और डूब गया।' तीन लोग डूब रहे थे, दो को बचा लिया गया। *एजेंसी*



### आप से उद्योगपति राजिंदर गुप्ता जाएंगे राज्यसभा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आधिकारिक रूप से पार्टी ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। *एजेंसी*



## मुख्य चुनाव आयुक्त बोले, वोटर्स को धन्यवाद

# बिहार में एसआईआर सफल, विधानसभा चुनाव जल्द

# 17 नई पहल देश को दिखाएंगी राह : ज्ञानेश कुमार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, बिहार में एसआईआर पूरी तरह सफल रहा। मतदाता सूची में यह सबसे बड़ी पहल रही। 24 जून 2025 को एसआईआर शुरू हुआ और वक्त पर समाप्त हुआ। सफल एसआईआर के लिए वोटर्स को धन्यवाद। अब इसे पूरे देश में कराएंगे।' सीईसी ने बताया, '90 हजार 217 बूथ लेवल ऑफिसर ने बेहतर काम किया। पूरे देश में बनने वाले बूथ लेवल ऑफिसर के लिए बिहार प्रेरणा बना।'

पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग होगी
■
ईवीएम पर प्रत्याशियों की कलर फोटो लगाई जाएगी
■
बिहार पूरे देश के लिए प्रेरणा बना



### बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे

उन्होंने कहा कि बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे। बूथ सेंटर से 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बैठ सकेंगे। बिहार चुनाव में ईवीएम पर प्रत्याशियों की कलर फोटो लगाई जाएगी। बिहार में वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बिहार में लागू कराया जाएगा। बूथ से 100 मीटर की दूरी से हर प्रत्याशी अपने एजेंट को लगा सकते हैं। पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग की जाएगी।

## चुनाव से पहले रिवीजन जरूरी

### बिहार के अलावा कहीं भी 1200 से ज्यादा वोटर नहीं

ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'बीएलओ जब मतदाता के पास जाए तो मतदाता उन्हें अच्छे से पहचान पाए, इसके लिए उनके भी आईडी कार्ड शुरू किए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि अब बिहार के अलावा देश के किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे।

### नए-पुराने दोनों वोटर कार्ड से वोटिंग कर सकेंगे मतदाता

नए वोटर कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- 'जिनके वोटर कार्ड के डेटा में कोई परिवर्तन किया गया है, उन्हें 15 दिनों के अंदर ईपिक, यानी वोटर कार्ड मिल जाएगा। जिनके पास पुराने वोटर कार्ड हैं और डेटा में कोई बदलाव नहीं है, वह उसी को सही मानेंगे।

### परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अयोग्य वोटरों को हटाने और योग्य वोटरों को शामिल करने के लिए चलाए गए गहन विशेष पुनरीक्षण का परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक रहा है। अब भी कोई अयोग्य जुड़ा हुआ है या योग्य छूटा हुआ है तो उसका नाम हटाने-जोड़ने की प्रकिया चलती रहेगी। **चुनाव से पहले रिवीजन कराना जरूरी :** एसआईआर को चुनाव से पहले कराए जाने के सवाल पर सीईसी ने कहा, 'लोक प्रतिनिधि कानून के हिसाब से रिवीजन हर चुनाव से पहले कराना ही होता है। किसी का ये कहना कि रिवीजन चुनाव के बाद होना चाहिए ये न्याय संगत नहीं है।



# पहाड़ों पर आफत

## दार्जिलिंग में भूस्खलन, 20 की मौत

**दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश आफत बनकर बरस रही है। मिरिक और दार्जिलिंग पहाड़ियों में रविवार को भारी भूस्खलन में कई बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। भूस्खलन के कारण कई घर बह गए, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, दूरदराज के कई गांवों का संपर्क टूट गया तथा सैकड़ों पर्यटक फंस गए। एनडीआरएफ और जिला प्रशासन द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों - सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने जान-माल के नुकसान को दुखद बताते हुए बताया कि स्थिति "चिंताजनक" है। उन्होंने शाम को कहा, "अभी तक मृतकों की संख्या 20 है। यह संख्या बढ़ने की आशंका है।

- *मिरिक और दार्जिलिंग की पहाड़ियों में भारी बारिश, 7 जगह पर भूस्खलन पहाड़ों का मलबा गांवों, कस्बों तक पहुंचा*
- *दर्जनों घर दबे, सड़कें क्षतिग्रस्त, दूर दराज के कई गांवों का संपर्क टूटा, सैकड़ों पर्यटक पर्यटन स्थलों में फंसे*
- *सड़कों पर मलबा एकत्रित, वाहनों की आवाजाही बंद, मिरिक में लोहे का पुल धंसा, तीस्ता नदी उफान पर*
- *नागराकाटा में मलबे में फंसे 40 लोगों को बचाया, सिलिगुड़ी को सिक्किम व कॉलिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे बंद*

### नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ में 52 लोगों की मौत

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर कल रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रवक्ता कालिदास धौवजी ने बताया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन 37 लोगों में से देउमाई और माईजोगमाई नगरपालिका क्षेत्रों में आठ- आठ लोगों की मौत हुई।



### मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और लैंडस्लाइड पर अधिकारी कड़ी नजर रख रहे हैं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### घटनास्थल का दौरा करेंगी ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के लिए मुआवजे का एलान किया लेकिन राशि और संख्या नहीं बताई। वे 6 अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और स्थिति का जायजा लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मौतों पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## रोहतक सहित कई जिलों में तूफान बारिश, सिरसा में हल्की ओलावृष्टि

**हिसार/रोहतक।** प्रदेश में रविवार दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। रोहतक सहित कई जिलों में शाम के समय तूफान के साथ तेज बारिश हुई। सिरसा में तेज हवाओं के बाद बारिश हुई। जमाल गांव में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। आंधी के कारण यहां कई पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। साढ़े 6 बजे हिसार में आंधी आई। यहां 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। फतेहाबाद में भी बूंदाबांदी दर्ज की गई। इसके अलावा आदमपुर, बरवाला, उकलाना क्षेत्रों के कई गांव में अच्छी बारिश हुई।



### आठ से बढ़ेगी ठंड

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 8 अक्टूबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के निकलते ही हवाओं की दिशा उत्तरी हो जाएगी, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट आएगी।

## रोहतक में वारदात

# प्रेम-प्रसंग की आशंका में पीटकर युवक की हत्या

*मसाला पेकिंग का काम करता था जयदेव*

*तीन लड़कों ने क्रिकेट विकेट से किया हमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

काठमंडी के पास नया पड़ाव में रविवार सुबह एक युवक जयदेव (21) की हत्या कर दी गई। युवक मसाला पेकिंग का काम करता था। वह सुबह अपने घर से काम करने के लिए काठमंडी आ रहा था। इसी दौरान खाटू श्याम मंदिर के पास 3 युवकों ने उसे घेर कर हमला कर दिया। बताया गया कि युवक पर क्रिकेट मैच में यूज होने वाले विकेट और बेल्स से हमला किया। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में यह वारदात हुई है। युवक के परिजनों ने एक लड़की के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी का कहना है कि हम हर एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं।



### खून से लथपथ हालत में छोड़कर फरार

वारदात के बाद आरोपित उसे खून से लथपथ हालत में वहीं छोड़कर फरार हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। शिवाजी नगर थाने की रेलवे रोड पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। युवक की पहचान जयदेव (21) निवासी रेलवे रोड, रोहतक के रूप में हुई।

### खाटू श्याम मंदिर के पास हमला

रेलवे रोड निवासी अजीत ने शिकायत में बताया कि कि उसका छोटा भाई जयदीप जनता कालोनी में मसाला पेकिंग का कार्य करता था। रविवार को सुबह नौ बजे से 12 बजे तक ड्यूटी पर आता था। रविवार को करीब पौने नौ बजे खाटू श्याम मंदिर के पास सामने वह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। वह उसे उठाकर सिविल अस्पताल ले गए, जहां से पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## झड़पों में 4 लोगों की गई थी जान

# लेह हिंसा की न्यायिक जांच हो : वांगचुक

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक ने लेह हिंसा के दौरान हुई 4 लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने जोधपुर सेंट्रल जेल से एक पत्र लिखा है, जो रविवार को जारी किया गया। वांगचुक ने लिखा- जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों और गिरफ्तार लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं। 4 लोगों की मौत की जांच एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग से होनी चाहिए, जब तक ऐसा नहीं होता, मैं जेल में ही रहूंगा। यह लेटर एडवोकेट मुस्तफा हाजी ने साझा किया है, जो लेह एपेक्स बॉडी के कानूनी सलाहकार हैं।



जब तक ऐसा नहीं होता, जेल में ही रहूंगा

## पहलगाम हमला, मददगार का खुलासा

# आतंकियों को मोबाइल चार्जर दिया, चार बार मुलाकात की

**श्रीनगर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितंबर को गिरफ्तार किया था। 26 साल का कटारी कुलगाम का रहने वाला है। कटारी ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था।



24 सितंबर को मोहम्मद यूसुफ को पकड़ा था

## महिला वनडे विश्व कप में भी चटाई धूल

# भारत की पाकिस्तान पर 88 रन से एकतरफा जीत

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रन से हराकर इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ वनडे में जीत के सिलसिले को जारी रखा। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। सिद्रा अमीन ने 81 रन बनाए। *(विस्तृत खेल पेज पर)*



भारत : 247/10
पाक : 159/10

## डीजीसीए ने जारी किए सख्त निर्देश

# दीपावली-छठ पर हवाई किराया बढ़ाने वालों पर सख्ती होगी

**नई दिल्ली।** दीपावली और छठ पूजा पर इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी कंपनियों ने 1,700 से ज्यादा अतिरिक्त फ्लाइट्स बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला रविवार को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के साथ हुई मीटिंग के बाद लिया गया। मीटिंग में डीजीसीए ने एयरलाइंस के मनमाने किराया बढ़ोत्तरी पर भी सख्ती की है। डीजीसीए ने कहा- मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के कहने पर हाई डिमांड वाले रूट्स पर नजर है, ताकि किराए मनमाने ढंग से ना बढ़ाया जाए।



1700 अतिरिक्त फ्लाइट्स की जाएंगी संचालित

**हरियाणा समेत दवा चार राज्यों में हो चुकी बैन मध्यप्रदेश में 11 बच्चों की मौत, हेल्पलाइन नंबर जारी**

# कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी। हालांकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ 11 मौतों की पुष्टि की है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के 4 राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल हरियाणा व तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। इसके खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी है। *(पेज 2 भी देखें)*



### छिंदवाड़ा में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज

छिंदवाड़ा में गुर्दों के काम करना बंद कर देने के कारण 14 बच्चों की मौत होने के बाद पुलिस ने लापरवाही के आरोप में एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है और "जहरीले" 'कफ सिरप' की निर्माता कंपनी पर केस दर्ज किया है। एफडीए ने टोल फ्री नंबर 1800-222-365 जारी किया है।

### बैतूल में किडनी खराब होने से 2 बच्चों की मौत

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के आमला प्रखंड में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है कि कथित तौर पर इसी कफ सिरप को पीने से वहां के दो बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, बैतूल के कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि दोनों बच्चों का इलाज बैतूल जिले के किसी भी शासकीय या निजी अस्पताल में नहीं हुआ है और जिले में 'कोल्ड्रिफ' सिरप की बिक्री भी नहीं पाई गई है। उन्होंने कहा कि यह मामला बैतूल जिले से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है, फिर भी मृतक बच्चों के बैतूल निवासी होने के कारण पूरी संवेदनशीलता से जांच की जा रही है।

## पाकिस्तान पर गरजे संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, दी बड़ी चेतावनी

डॉ. भागवत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का अभिन्न अंग बताया

# पीओके भारत के घर का एक कमरा है, अजनबी लोग कब्जा किए बैठे, इसे वापस लेकर ही रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत के घर का एक कमरा बताया, जिस पर अजनबी लोग कब्जा कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि यह कमरा भारत का हिस्सा है और इसे एक दिन वापस लेना ही होगा।

सतना में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पूरा भारत एक घर है। लेकिन हमारे घर का एक कमरा, जहां हमारी मेज, कुर्सी और कपड़े रखे थे उसे किसी ने कब्जा लिया है। एक दिन हमें उसे वापस लेना ही होगा। कार्यक्रम में मौजूद सिंधी समाज के लोगों का जिक्र करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि बहुत से सिंधी भाई बैठे हैं, मुझे बहुत खुशी है। वे पाकिस्तान नहीं गए थे, बल्कि अखंड भारत में ही थे। हालात ने हमें यहां लाकर बैठा दिया, वरना हमारा वह घर और यह घर अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि पीओके भारत के लिए सिर्फ एक भौगोलिक नहीं, बल्कि भावनात्मक मुद्दा भी है। डॉ. भागवत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पीओके में पाकिस्तान शासन के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।



### पहलगाम हमले पर डॉ. भागवत का बयान

इससे एक दिन पहले डॉ. मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा था कि इस घटना के बाद दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया ने यह साफ कर दिया है कि कौन भारत का सच्चा मित्र है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीतिक नेतृत्व की दृढ़ता, सेना का साहस और समाज की एकता ने इस हमले का मजबूत जवाब दिया।

### 'हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं', एकता चाहिए

मोहन भागवत ने कहा कि चाहे कोई खुद को किसी भी भाषा या संप्रदाय का माने, लेकिन सच्चाई यह है कि "हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं।" उन्होंने अखंड भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा, "जो लोग अपना घर और मकान वहां छोड़कर आए हैं, कल वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। संघ प्रमुख ने कहा, "आज हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि हम एक टूटा हुआ आईना देखकर अपने आपको अलग मान रहे हैं। एकता चाहिए... झगड़ा क्यों है? चाहे हम अपने आप को किसी भी भाषा या संप्रदाय का कहें लेकिन यह सत्य है कि हम सब एक हैं। हम सब लोग हिन्दू हैं।"

## खबर संक्षेप

### रोडवेज बस चालक ने बाइकर्स को रौंदा

**कैथल।** कैथल के ढांड में एक रोडवेज बस ने बाइक सवार 27 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान गांव ढांड के पवन कुमार के रूप में की गई है। भाट मोहल्ला ढांड निवासी मनीषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति मेहनत मजदूरी करते थे। 4 अक्तूबर की सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसके पति पवन कुमार बाइक पर सवार होकर अपने किसी काम से बाहर जा रहे थे। जैसे ही वे घर के बाहर गली के सामने मुख्य सड़क पर पहुंचे तो बस अड्डा की तरफ से आ रही एक रोडवेज बस ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी।

### कांस्टेबल ने शराब पीने से रोका, युवकों ने पीटा

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक कांस्टेबल ने कुछ युवकों को कार में शराब पीने से रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान कांस्टेबल की नाक पर घूसा मारकर चोट पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सेक्टर 45 में किराये पर रहते हैं।

### थार का कहर, बाइक सवार को कुचला

**फरीदाबाद।** देर रात बाइपास रोड पर सेक्टर-37 बस स्टैंड के सामने रॉन्ग साइड से जा रहे एक बाइक चालक के पैर को थार ने कुचल दिया। थार बाइक सवार के पैर पर चढ़ गई। घायल युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**खासी सिरप जानलेवा :** तीन प्रदेशों में बैन के बाद राज्य सरकार ने उठाया कदम

# अब हरियाणा ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर लगाई रोक

**डीजी हेल्थ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए आदेश**

*स्वास्थ्य निदेशक ने सरकारी अस्पतालों में खांसी की किसी भी दवा के उपयोग पर पाबंदी लगा दी है। यानि अब आगामी आदेशों तक सरकारी अस्पतालों में खांसी की कोई भी दवा मरीजों को नहीं दी जाएगी।*

***एमपी और राजस्थान में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से बच्चों की मौत के उपरांत ऐहतियात लिया गया फैसला***

राजकुमार ▶▶| नारनौल

खांसी की दवा कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत होने पर स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता दिखाई है। हरियाणा में स्वास्थ्य निदेशक ने सरकारी अस्पतालों में खांसी की किसी भी दवा के उपयोग पर पाबंदी लगा दी है। यानि अब आगामी आदेशों तक सरकारी अस्पतालों में खांसी की कोई भी दवा मरीजों को नहीं दी जाएगी। यह कदम सतर्कता के मद्देनजर उठाया गया है, ताकि खांसी की दवा के कारण कोई और अकाल मौत या स्वास्थ्य खराब होने का शिकार न हो। फिलहाल यह आदेश सोशल मीडिया पर वाट्सअप के जरिए जारी किए गए हैं, जिन्हें सावधानी के तौर पर लागू कर दिया गया है। बता दें कि यह संदिग्ध कफ सिरप पीने के कारण मध्यप्रदेश में अब तक कुल नौ बच्चों की मौत की बात सामने आ रही है, वहीं लगभग एक दर्जन बच्चे और बीमार बताए जा रहे हैं। राजस्थान में भी दो बच्चों की मौत होने के समाचार हैं। पड़ोसी जिला सीकर के चिराना स्थित सरकारी अस्पताल से ली गई खांसी की दवा के कारण मौत होना बताया जा रहा है।



**नारनौल।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप की दवा। फोटो : हरिभूमि

### कोल्ड्रिफ कफ सिरप जांच के दायरे में

बताया जाता है कि तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित सरेसन फार्मा इसका निर्माण करती है। निर्माण इकाई से लिए गए कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सैंपलों की जांच में डीईजी की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक पाई गई। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने इस खांसी की दवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया और बाजार से स्टॉक हटाने का आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी के सुंगवरचाथरम (कांचीपुरम) स्थित संयंत्र पर निरीक्षण कर उत्पादन भी रोका गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने भी शनिवार को कोल्ड्रिफ की बिक्री पर राज्यव्यापी प्रतिबंध लगा दिया है।

### दूषित कफ सिरप पीने से किडनी हो रही फेल

सर्दी खांसी के चलते दूषित कफ सिरप पीने से किडनी फेल होने से मध्य प्रदेश में करीब नौ बच्चों और राजस्थान में लगभग दो बच्चों की मौत हो चुकी है। दूषित कफ सिरप से बच्चों की किडनियां फेल होने से मौतें हुई हैं। चिकित्सक बताते हैं कि जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें से कई की किडनी बायोप्सी जांच कराई गई। इसमें पता चला कि कफ सिरप में मिला डायएथिलीन ग्लायकॉल दूषित पाया गया है। यही सिरप खांसी जुकाम के बीमार बच्चों को दिया गया था।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों के लिए खांसी की दवाओं का इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में साफ-साफ कहा है कि दो साल से छोटे बच्चों को किसी भी प्रकार का कफ सिरप बिल्कुल नहीं दिया जाना चाहिए। पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी सामान्य रूप से इन दवाओं की सिफारिश नहीं की जाती। विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादातर बच्चों की खांसी बिना किसी दवा के भी ठीक हो जाती है।

### दवा हमारे अस्पताल में नहीं मिलती

बताया कि यह दवा हमारे अस्पताल में नहीं मिलती है। अक्चुअल में यह मामला एमपी का है। राजस्थान में भी मामला है। हमें ऊपर से डायरेक्टर हेल्थ सर्विसिज के आदेश हैं कि आगामी आदेशों तक खांसी की कोई भी दवा मरीजों को नहीं दी जाए।
-डा. विजय डबास डिप्टी एमएस नागरिक अस्पताल

### चरखी दादरी: दगड़ौली के उत्सव आर्य का इसरो में चयन, ग्रामीणों ने किया सम्मानित


**भिवानी।** उत्सव आर्य को सम्मानित करते जिला अध्यक्ष व ग्रामीण।

**चरखी दादरी।** गांव दगड़ौली निवासी उत्सव का प्रतिष्ठित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में चयन हुआ है। उत्सव को सफलता कर गांव में खुशी का माहौल है। रविवार को गांव दगड़ौली में सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने उत्सव को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल दगडोली गांव बल्कि पूरे दादरी जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उत्सव आर्य जैसे युवाओं से प्रेरणा लेकर अन्य छात्र भी मेहनत, लगन और लक्ष्य की दृढ़ता से सफलता की नई ऊंचाइयों प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा अगर सही दिशा और संकल्प लेकर आगे बढ़े तो कोई भी मुकाम असंभव नहीं है। उन्होंने उत्सव के माता-पिता को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए उत्सव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और युवा वर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### एक महीने में पैसा दोगुना करने के नाम पर करोड़ों की ठगी, युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



आर्थिक अपराधों और निवेश धोखाधड़ी के मामलों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ राज सिंगला पुत्र सीता राम निवासी वार्ड नं. 17, नहर कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला फ्रंटलाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, गांव सहनाल (रतिया) से संबंधित है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को एक महीने में पैसा दोगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी। शिकायतकर्ता अमरीक सिंह निवासी सहनाल, रतिया ने पुलिस को मामले में शिकायत दी थी।

**झगड़े की शिकायत पर जांच करने पहुंची थी पुलिस**

## मां और बेटे ने किया पुलिस टीम पर हमला, वर्दी फाड़ी, ईंट-पत्थर बरसाए

***दो महिला पुलिस कर्मियों को आई चोटें, आरोपी मां बेटे के खिलाफ केस दर्ज***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



झगड़े की शिकायत पर जांच करने शहर के मॉडल टाउन के शिवाजी पार्क पहुंची पुलिस टीम पर मां-बेटे ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें दो महिला पुलिस कर्मियों को चोटें भी आई, वहीं एक महिला पुलिस कर्मी की वर्दी भी फाड़ दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मां-बेटे को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई मीनाक्षी ने बताया कि वह थाना शहर यमुनानगर में अनुसंधान अधिकारी है। उनके पास एक दरखास्त दो अक्तूबर को माडल टाउन के शिवाजी पार्क निवासी नवदीप जैन की ओर से पूजा ओबरॉय व उसके बेटे जतिन के खिलाफ दी गई। इसमें पूजा व जतिन पर झगड़ा व गाली-गलौज करने और मकान की चाबी लेकर चले जाने के आरोप लगाए गए थे। दरखास्त पर गत चार अक्तूबर को वह और एसआई शमशेर सिंह, एएसआई शिमला, एएसआई किरणचंद सरकारी गाड़ी के मौके पर गए। नवदीप जैन अपने परिवार के साथ मौके पर मिले और पूजा ओबरॉय व उसका बेटा जतिन मकान की तीसरी मंजिल पर खड़े होकर ऊंची आवाज में पुलिस टीम को गंदी गालियां देने लगे। इसके बाद पूजा व उसका बेटा जतिन मकान से नीचे आए। पूजा व जतिन ने उनके व एएसआई शिमला के साथ हाथापाई की। पूजा ने उनकी वर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद पुलिस टीम पर इंटों व पथरो से हमला कर दिया।

## उधार के पैसे लौटाने पर भी फाइनेंसर ने निकाले 3 लाख

***रुपये देने से मना करने पर मकान की रजिस्ट्री हड़पने का आरोप***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना शहर जगाधरी क्षेत्र में फाइनेंसर ने उधार दिए रुपये लौटाने पर भी तीन लाख रुपये बकाया दिखा दिए। रुपये देने से इंकार करने पर आरोपी ने मकान की रजिस्ट्री कब्जा ली, वहीं मकान पर कब्जा करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी फाइनेंसर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में भारत सेवक नगर निवासी पंकज मल्होत्रा ने बताया कि उनके पिता हरीश कुमार की तबीयत खराब थी। उनके इलाज के लिए श्री बालाजी ट्रेडर्स बूडिया चौक के संचालक भूखड़ी निवासी जोनी कांबोज से ढाई लाख रुपये दो प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जोनी ने रुपये देने से पहले हस्ताक्षर सहित 500 रुपये व 100 रुपये का अष्टाम पेपर व दो ब्लैंक चेक और मकान की रजिस्ट्री ली थी। साथ ही असली आधार कार्ड व पैन कार्ड भी ले लिए थे। जोनी को एक लाख 26 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन वापस कर दी थी। अब भी तीन लाख रुपये की राशि बकाया बता रहा है, जो रुपये उसे ऑनलाइन दिए उन्हें वह ब्याज बता रहा है। रुपये न देने पर मकान पर कब्जा करने की धमकी दे रहा है। वह घर पर आकर धमकी देता है, गाली-गलौज करता है। मोबाइल पर कॉल कर भी धमकी दे रहा है।

**यमुनानगर में मामूली कहासुनी पर वारदात को अंजाम**

## पत्नी ने तेजधार हथियार से हमला कर की पति की हत्या

**डायल 112 पर खुद दी मामले की सूचना**

■ पुलिस के आने से पहले घर से फरार हुई आरोपी पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** घटना की जांच करती पुलिस।

थाना प्रताप नगर क्षेत्र के गांव खिजरी में बीती रात कहासुनी होने पर एक महिला ने अपने पति पर तेजधार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना आरोपी महिला ने खुद डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी महिला मौके से फरार हो गई। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव खिजरी निवासी सुनील ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके भाई सुखबीर और उसकी पत्नी दीक्षा के बीच देर शाम किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर दीक्षा ने रसोई में रखा धारदार हथियार उठाया और पति सुखबीर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिया। जिससे सुखबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी महिला दीक्षा ने खुद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना के बारे में बताया। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मगर तब तक आरोपी महिला मौके से फरार हो गई थी। गंभीर हालत में सुखबीर को सिविल अस्पताल लेकर पहुंची तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पुलिस ने जींद में बम पटाखे का जखीरा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदो के रेलवे रोड रविवार को सीआईए वन ने एक बुक डिपो पर छापेमारी की। इस दौरान बुक डिपो से 578 किलो 880 ग्राम बम, पटाखे तथा बारूद बरामद हुआ। विस्फोटक सामग्री को त्यौहारों के सीजन में बिक्री के लिए बुक डिपो में छुपा कर रखा गया था। शहर थाना सफीदों पुलिस ने बुक डिपो संचालक के खिलाफ एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित से पुलिस पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी सफीदों के रेलवे रोड स्थित बुक डिपो में बम, पटाखों का चोरी छुपे भंडारण किया। ताकि त्यौहारो के सीजन मे मुनाफे पर बेचा जा सके। रिहायशी इलाके में आबादी के बीच विस्फोटक सामग्री का भंडारण करना लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। सूचना के आधार सीआईए स्टाफ ने रेलवे रोड सफीदों स्थित बुक डिपो पर छापेमारी की।


**जींद।** पुलिस गिरफ्त में संजय। फोटो : हरिभूमि


## रुई की पिनाई के दौरान उठी चिंगारी से फैक्ट्री जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर के टोहाना रोड पर स्थित सतगुरु कॉटन फैक्ट्री में शनिवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग से करीब 90 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। शनिवार देर शाम फैक्ट्री में रुई की पिनाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान करीब 10 मजदूर अंदर काम कर रहे थे। अचानक कन्वेयर बेल्ट से चिंगारी उठी और देखते ही देखते रुई की गांठों में आग लग गई। रुई बेहद ज्वलनशील होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया।


**भूना।** सतगुरु कॉटन फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड के बाद जली हुई रुई व गांठें। फोटो : हरिभूमि

### शब्द पहेली - 6010




**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 6009 का हल**





## खबर संक्षेप

### उद्धव-राज ठाकरे 3 माह में 5वीं बार मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से ठाकरे बंधुओं की नजदीकियां सुर्खियों में हैं। लंबे समय से अलग



राहों पर चल रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे रविवार को एक पारिवारिक कार्यक्रम में साथ नजर आए। यह कार्यक्रम शिवसेना सांसद संजय राउत के पोते के नामकरण समारोह का था, जो बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित एमसीए क्लब में आयोजित था।

### तूफान से पहले 3.47 लाख लोग सुरक्षित जगह भेजे

**नई दिल्ली।** चीन में आये मौटमो टाइफून ने लैंडफॉल से पहले ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है।



इससे हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सरकार ने ग्वांगडोंग और हेनान प्रांतों के लगभग 3,47,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया। चीन के मौसम केंद्र के अनुसार मैटमो की अधिकतम सतत गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

### राज्यों संग स्वास्थ्य सचिव की बैठक, कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर लगेगा ताला

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुए बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ रविवार शाम को बैठक की। जिसमें दवाओं की गुणवत्ता को लेकर अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों, स्वास्थ्य सचिवों और औषधि नियंत्रकों के साथ बैठक की।

### सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका देंगे सीएम धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड में शिक्षकों की पदोन्नति पर सुप्रीम कोर्ट के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य करने के फैसले के बाद रोक लग गई है। इस फैसले का असर बेसिक और जूनियर हाईस्कूल के 18 हजार से अधिक शिक्षकों पर पड़ा है। अब मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है।

## महाराष्ट्र में शाह ने प्रवर शुगर फैक्ट्री की बढ़ी उत्पादन क्षमता का किया उद्घाटन

# शुगर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

### इससे सहकारिता क्षेत्र को मजबूती और स्थानीय विकास को गति मिलेगी

एजेंसी ▶▶ अहिल्यानगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर दौरे पर हैं। उनका यह दौरा



सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने और स्थानीय विकास को गति देने के उद्देश्य से किया गया है। अहिल्यानगर के लोणी बाजार में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के अवसर पर किसान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इस सभा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि और सहकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को सरकार की नई नीतियों और सुविधाओं से अवगत कराते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए नई योजनाओं की भी घोषणा करने की संभावना जताई।

**शिरडी में पूजा-अर्चना की**



### कृषि उत्पादन और सहकारिता को बढ़ावा मिलेगा

किसान सभा में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखी गई और उन्होंने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर अपनी उम्मीदें जताई। यह सभा किसानों के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आई कि उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता में है। किसानों को नई योजनाओं और विकास की दिशा में बढ़ावा देने के साथ-साथ यह दौरा राज्य और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल का भी प्रतीक माना जा रहा है। आगामी समय में इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन और सहकारिता के क्षेत्र में और भी उन्नति की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिंदे और अजित सहित कई अतिथि थे मौजूद

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार सहित कई अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरडी के साईं मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहां से सीधे वह अहिल्यानगर पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमित शाह का शिरडी में पहुंचने पर स्वागत किया।

### जब शिंदे सीएम और फडणवीस डिप्टी सीएम थे, तब...

शाह ने शिरडी स्थित साईंबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अहिल्यानगर जिले में कार्यक्रम को संबोधित किया। शाह ने कहा कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में, महाराष्ट्र के सभी मंत्री और सांसद, पद्मश्री पाटिल और पद्म विभूषण बालासाहेब विखे पाटिल के साथ, उनके योगदान को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं। मुझे इस क्षेत्र में आकर खुशी हो रही है, जो अब अहिल्याबाई के नाम से जुड़ गया है। जब शिंदे मुख्यमंत्री थे और फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे तो भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर अहिल्या बाई के नाम पर रखा था।

### पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया

उन्होंने कहा कि आज मैं भ्रवरा नगर में आया हूं, जो पूरे देश में सहकारिता पटरी के रूप में जाना जाता है। पद्मश्री विजय पाटिल साहब ने पूरा जीवन इस क्षेत्र के किसानों के कल्याण के लिए लगाया है। शाह ने सहकारिता आंदोलन की एक प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

### किसानों की सुविधा का ख्याल रख रही सरकार

शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों पर इस बार इंद्रदेव ने आफत भेजी, 60 लाख हेक्टेयर से ज्यादा किसानों की भूमि और उनकी फसल बर्बाद हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र ने 3,132 करोड़ रुपए महाराष्ट्र सरकार को दिया, जिसमें 1631 करोड़ रुपए अप्रैल महीने में देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने किसानों की मदद के लिए कई पहल शुरू की और राहत पैकेज दिया। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए फडणवीस,शिंदे और अजित की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपए की नकद सहायता और 35 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया है।

**छत्तीसगढ़ में बोले शाह**

### रानी दुर्गावती की जीवन गाथा पढ़कर युवा राष्ट्रहित का संकल्प लें

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने रविवार को रानी दुर्गावती की जयंती पर कहा कि देश के युवाओं को उनकी जीवन गाथा को पढ़ना चाहिए और राष्ट्रहित का संकल्प लेना चाहिए। शाह ने एक्स पर लिखा कि रानी दुर्गावती न्याय, राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक थीं, उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि न्यायप्रिय शासन, प्रजावत्सलता और मातृभूमि की रक्षा की प्रतीक थीं।

## एनडीए में सीट बंटवारे की कवायद



# मांझी के घर पहुंचे प्रधान सिर्फ 15 मिनट चली बैठक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग फाइनल करने का काम अब तेजी से होता हुआ नजर आ रहा है। रविवार को भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कई सहयोगी दलों के नेताओं से ही मुलाकात की। इसी कड़ी में भाजपा के इन नेताओं की मुलाकात केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से भी हुई, लेकिन मांझी के घर पर हुई इन नेताओं की मुलाकात बहुत छोटी रही। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लेकर भाजपा के नेता रविवार को सबसे पहले ललन सिंह से मिले। उसके बाद मांझी के आवास पहुंचे, लेकिन प्रधान के सीट शेयरिंग फॉर्मूले से मांझी नाराज हो गए हैं।

### मांझी की 7 सीटें तय

मांझी से घर पर इन नेताओं की मुलाकात का दौर मात्र 15 मिनट में समाप्त हो गया। मांझी आवास से निकलते समय भाजपा नेताओं से मीडिया से कोई बात नहीं की। इस बीच चर्चा है कि मांझी की 7 सीटें तय हो गई है। प्रधान और जीतन राम मांझी की मुलाकात में सीटों पर बात हुई। जीतन राम की पार्टी हम को 10 सीटें मिल सकती हैं, इनमें 7 सीटें तय हो गई हैं।

### मांझी की नाराजगी की वजह

मांझी की नाराजगी की वजह कम सीटें मिलने को कहा जा रहा है। मांझी बार-बार यह कह चुके हैं कि उनकी पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करना है। पार्टी को 8 विधायक अथवा 6 फीसदी वोट चाहिए। ऐसे में वो एक दर्जन से अधिक सीटों पर दावा ठोक रहे हैं।

## किशनगंज में ओवैसी ने सुनाया

### पटना में बैठा शैतान, उससे रहना सावधान

एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी रविवार को मुस्लिम बहुल किशनगंज जिले के बहादुरगंज पहुंचे। यहां उन्होंने तौसीफ आलम के पक्ष मेंचुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए हुए उनकी तुलना शैतान से कीष साथ ही मजलिस पार्टी छोड़ने वाले चार विधायकों को जालिम और अहसानफरामोस करार देते हुए उन्हें हराने की अपील की। पटना में बैठा शैतान अपने लोगों को भेजेगा।

## कंधे पर ऑटो, पार कर रहे नदी



**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बंत गांव के ग्रामीणों की जिंदगी इन दिनों बेहद कठिन दौर से गुजर रही है। भारी बारिश के कारण गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला एकमात्र पुल बह गया है, जिससे गांव पूरी तरह से कट गया है। हालात इतने बदतर हैं कि ग्रामीण अब ऑटो रिक्शा को कंधों पर उठाकर नदी पार कर रहे हैं, ताकि बीमारों और बच्चों को इलाज व स्कूल तक पहुंचाया जा सके। एक ग्रामीण ने बताया, स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमार लोगों, सबको कंधों पर उठा कर नदी पार करवाना पड़ता है। नदी बहुत गहरी है। कोई विभाग हमारी मदद को नहीं आया। डर तो लगता है, लेकिन और करें भी क्या?

### अमेरिका के साथ समझौते में भारत की 'लक्ष्मण रेखाओं' का सम्मान हो

**नई दिल्ली।** आयात शुल्क (टैरिफ) पर वाशिंगटन की नीति को लेकर भारत-अमेरिका के संबंधों में तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि दोनों देशों के बीच किसी भी व्यापार समझौते में नयी दिल्ली की



'लक्ष्मण रेखाओं' का सम्मान किया जाना चाहिए। इस बारे में 'साझा आधार' खोजने के प्रयास किये जा रहे हैं। जयशंकर ने एक कार्यक्रम के संवाद सत्र में स्वीकार किया कि भारत और अमेरिका के बीच कुछ मुद्दे हैं, जो जुड़े हुए हैं।

## शरद पूर्णिमा आज : दोपहर 12.24 बजे शुरू होगी तिथि

### वृद्धि योग में बरसेगा अमृत, रात्रि 10.53 तक भद्रा, फिर रख सकेंगे चांदनी में खीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस वर्ष आश्विन पूर्णिमा तिथि सोमवार 6 अक्टूबर को है। अतः शरद पूर्णिमा आज मनाई जाएगी। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर दोपहर 12:24 बजे शुरू होगी। उदया तिथि उन पर्वों में मान्य नहीं होती है, जिनमें रात्रि को पूजा की जाती है। इसलिए सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि ना होने के बाद भी शरद पूर्णिमा आज मनाई जाएगी, क्योंकि रात्रिकाल में पूजन के दौरान पूर्णिमा तिथि व्याप्त रहेगी। आज दोपहर प्रारंभ होने वाली पूर्णिमा तिथि कल अर्थात 7 अक्टूबर सुबह 9:18 बजे तक रहेगी।



आज चंद्रोदय शाम 5:27 बजे होगा। 6 बजे के पूर्व चंद्रोदय होने के बाद भी लोगों को चांद की रोशनी में खीर रखने इंतजार करना होगा। चूंकि रात्रि 10 बजकर 53 मिनट तक भद्रा व्याप्त है इसलिए इससे पहले खीर नहीं रखी जा सकेगी। आज रात्रि 10 बजकर 53 मिनट से लेकर मध्यरात्रि 12 बजकर 9 मिनट तक चंद्रमा की रोशनी में खीर रखी जा सकती है।

### अब नई भूमिका में दिखेंगे शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक पहुंचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को केंद्र सरकार के 'विकसित भारत



बिल्डाथॉन' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह कार्यक्रम देशभर के स्कूलों में नवाचार व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' शिक्षा मंत्रालय और अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा स्कूल हैकाथॉन है, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है।

## एआई के विमान में लैंडिंग से पहले गड़बड़ी

### जमीन से 400 फीट ऊपर विमान अचानक खुला रैट, मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शनिवार को एयर इंडिया के एक बोइंग ड्रीमलाइनर विमान में लैंडिंग से पहले तकनीकी गड़बड़ी आई। विमान की रैम एयर टरबाइन (आरएटी) अपने आप सक्रिय हो गई जबकि विमान बर्मिंघम हवाई अड्डे से 400 फीट ऊपर था। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित रहे। जांच में पाया गया कि सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रॉलिक सिस्टम सामान्य थे। यह घटना उस वक्त हुई जब विमान बर्मिंघम हवाई अड्डे से सिर्फ




400 फीट ऊपर था। सौभाग्य से विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित रहे। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 117 ने अमृतसर से 4 अक्टूबर को दोपहर 12.52 बजे बर्मिंघम के लिए उड़ान भरी थी, उसने शाम 7.07 बजे लैंड किया। एयर इंडिया की फ्लाइट अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी।

## डिजिटल परिवर्तन बनेगा माध्यम

### लोकतंत्र को सशक्त बनाने का मंत्र देंगे लोस अध्यक्ष बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 5 से 12 अक्तूबर 2025 तक ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भाग लेगा। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, संसद सदस्य (लोक सभा) और सीपीए कार्यकारी समिति के सदस्य, अनुराग शर्मा, सीडब्ल्यूपी संचालन समिति की सदस्य, डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, डॉ. के.



सुधाकर, संसद सदस्य (राज्य सभा), रेखा शर्मा, डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े; लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, और राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी शामिल होंगे। सम्मेलन में भारत के 24 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों के 36 पीठासीन अधिकारी और 16 सचिव भी भाग लेंगे, जो सीपीए के सदस्य भी हैं।

## विशेष पारिवारिक पेंशन देने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

# सेना की नौकरी में लंबे समय तक तनाव से हो सकता है कैंसर : हाईकोर्ट

**छह साल तक सेना में विभिन्न पदों पर दी सेवाएं**

*याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वर्मा का बेटा 'रेट्रोपेरिटोनियल सर्कोमा' से पीड़ित था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। मेडिकल बोर्ड ने पाया कि बीमारी "सैन्य सेवा के कारण न तो हुई और न ही इसके कारण बढ़ी।" याचिकाकर्ता ने न्यायाधिकरण के आदेश को रद्द किए जाने का अनुरोध किया था।*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कैंसर के कारण मारे गए एक सैन्यकर्मी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने के खिलाफ दायर केंद्र की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि सैन्य सेवा में लंबे समय तक तनाव एवं दबाव के कारण यह बीमारी हो सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के कर्मचारियों संबंधी नियमों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि धूम्रपान से होने वाले कैंसर को छोड़ बाकी सभी कैंसर सैन्य सेवा के कारण माने गए हैं। खंडपीठ ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (चंडीगढ़) के 2019 के एक आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

न्यायाधिकरण ने निर्देश दिया था कि कुमारी सलोचना वर्मा को उनके बेटे की मौत की तिथि से विशेष पारिवारिक पेंशन दी जाए।

### केंद्र ने दायर की थी याचिका



**भर्ती के समय पूरी तरह स्वस्थ था**

अदालत ने कहा था कि वर्मा के बेटे को 12 दिसंबर, 2003 को सेना में भर्ती किया गया था और उस समय उसकी चिकित्सकीय जांच की गई थी तथा वह हर प्रकार से स्वस्थ पाया गया था। अदालत ने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जब कोई सैनिक भर्ती के समय स्वस्थ पाया जाता है और बाद में उसे कोई बीमारी हो जाती है तो ऐसे मामले में यह माना जा सकता है कि उसकी बीमारी सैन्य सेवा के कारण हुई या उसके कारण बढ़ी है।

भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टि

तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी–143) (जुलाई 2026 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन 08 अक्टूबर 2025 से 06 नवम्बर 2025 तक खुले रहेंगें।

OFFICER ENTRY

Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-143) (scheduled in Jul 2026).

Applications will remain open from **08 Oct 2025** to **06 Nov 2025**.

नोट :
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note**:
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

CBC 10601/11/0048/2526

## चिंतन

# पहाड़ों पर बार-बार क्यों पड़ रही प्रकृति की मार

हिमाचल प्रदेश और उतराखंड पर प्रकृति की मार से उभर भी नहीं पाए थे कि दार्जिलिंग में मौसम ने कहर बरपा दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में स्थित पहाड़ों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। लगातार बरसात के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुए। इन भूस्खलनों से 40 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग अभी तक लापता हैं। भूस्खलन के कारण कई घर पूरी तरह से बह गए। इन घरों में रहने वाले लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया। सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई जगहों पर सड़कें टूट गईं या मलबे से भर गईं। असल में भूटान में लगातार हो रही बारिश के कारण पानी उत्तर बंगाल में बह रहा है। केवल 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। जिसने जमकर बर्बादी की है। इससे आवागमन पूरी तरह से रुक गया है। कई दूरदराज के गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से टूट गया है। भूस्खलन और सड़क मार्ग पर अवरोधों के कारण पूरे क्षेत्र में हजारों पर्यटक फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार और प्रशासन उन्हें किसी तरह आपदा से बाहर लाने की कोशिशों में जुटे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले से ही दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में छह अक्टूबर तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। साथ ही, मिट्टी की नाजुक स्थिति के कारण और अधिक भूस्खलन और सड़कों पर अवरोध पैदा होने की चेतावनी दी गई थी। असल में अब पहाड़ों का जानलेवा होना कोई नया नहीं रह गया है। कई सालों से लगातार देखने में आ रहा है कि पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। 2010 से 2025 के बीच पहाड़ों पर हुईं भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने 5949 से अधिक लोगों की जान ले ली। ऐसी घटनाओं का मुख्य कारण कहीं न कहीं मनुष्य और आबादी क्षेत्र का विस्तार है। यह अंधाधुंध विकास और पर्यावरण के असंतुलन का परिणाम है। बीते कुछ दशकों में हमने अपने पहाड़ों की संपदा का 40 से 50 प्रतिशत दोहन बढ़ा दिया है। इससे न केवल जल चक्र प्रभावित हुआ बल्कि सीधे तौर पर मानव जीवन और पर्यटन अर्थ आवासीय संरचना को काफी बढ़ाया है। इन क्षेत्रों में लोगों के पास रहने के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है। ऐसे में वह उन जगहों पर रहने के लिए मजबूर हैं जहां पर प्राकृतिक आपदा आ सकती है। इसके अलावा पहाड़ों पर लगातार हो रही घटनाओं का कारण भूमि स्ट्रक्चर में बदलाव को भी माना जा रहा है। बीते वर्षों में केदारनाथ त्रासदी 2013, चमोली त्रासदी 2021, जोशीमठ त्रासदी 2023 और इस साल उत्तराखंड के धराली, हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर में जो भी घटनाएं हो रही हैं। वह सब इसी के एक बड़ा उदाहरण हैं। मौजूदा समय में हम क्लाइमेट चेंज के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां पर मौसम बिल्कुल अनिश्चित है। कभी गर्मी का मौसम लंबा खिंचता है तो कभी सर्दी का, इसने हमारे इको सिस्टम को प्रभावित किया है। इसी का असर है कि जिन बादलों को मैदान की तरफ जाकर बरसना चाहिए, वह जलवायु दबाव के कारण पहाड़ों पर ही अचानक से बरस जा रहे हैं। इसके अलावा धरती और समंदर दोनों लगातार गर्म हो रहे हैं। ऐसे में बादलों के बरसने का जो नियम है वह पहाड़ों पर ठंडा मौसम होने के कारण वहां पर अधिक विकराल रूप ले रहा है। अगर हम भी नहीं चेते तो तय है कि ये प्रकृतिक आपदाएं और भी विकराल रूप ले लेंगी। इससे पहाड़ों में जीवन ही कठिन हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हम प्रकृति को उसके हाल पर छोड़ दें। उससे ज्यादा छेड़छाड़ पूरी मानव सभ्यता के लिए हानिकारक है।



श्रद्धांजलि
नरेंद्र मोदी

# राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे मल्होत्रा

भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस स्थिापन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया।

कुछ दिन पहले, भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक विजय कुमार मल्होत्रा को खो दिया। उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सी उपलब्धियां हासिल कीं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ये है कि उन्होंने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैं। विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन, स्वयं से ऊपर सेवा भावना, साथ ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता, यह उनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी पहचान रही। वीके मल्होत्रा के परिवार ने विभाजन का भयावह दौर झेला। उस आघात और विस्थापन ने उन्हें कड़वा या आत्मकेंद्रित नहीं बनाया। इसके बजाए, उन्होंने स्वयं को दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्हें आरएसएस और जनसंघ की विचारधारा में राष्ट्रसेवा का रास्ता नजर आया।

बंटवारे का वो समय बहुत चुनौतीपूर्ण था। मल्होत्रा ने सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने उन हजारों विस्थापित परिवारों की मदद की, जिन्होंने सब कुछ खो दिया था। उनका जीवन संवारने और उन्हें फिर से खड़े होने में मदद की। यही जनसंघ की प्रेरणा थी। उन दिनों उनके साथी मदनलाल खुराना और केदारनाथ साहनी भी बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में शामिल होते थे। उन लोगों की निःस्वार्थ सेवा को आज भी दिल्ली के लोग याद करते हैं। 1967 के लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव तब अपराजेय मानी जाने वाली कांग्रेस के लिए चौंकाने वाले रहे थे। इसकी बहुत चर्चा होती है, लेकिन एक कम चर्चित चुनाव भी हुआ। वो था, दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का पहला चुनाव। राष्ट्रीय राजधानी में जनसंघ ने शानदार जीत दर्ज की। आडवाणी काउंसिल के चेयरमैन बने और मल्होत्रा को चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसलर की जिम्मेदारी दी गई, जो मुख्यमंत्री के लगभग बराबर का पद था। तब उनकी उम्र केवल 36 वर्ष थी। उन्होंने अपने कार्यकाल को दिल्ली की जरूरतों, खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों से जुड़े मुद्दों पर फोकस किया। इस जिम्मेदारी ने मल्होत्रा जी का दिल्ली से जुड़ाव और मजबूत कर दिया। जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर मल्होत्रा सक्रिय रूप से जनता के साथ खड़े होते और उनकी आवाज बुलंद करते। उन्होंने 1960 के दशक में गौ रक्षा आंदोलन में भी हिस्सा लिया, जहां उनके साथ पुलिस की ज्यादतियां भी खूब हुईं। आपातकाल विरोधी आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। दिल्ली की सड़कों पर जब सिखों का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा था, तब वे शांति और सद्भावना की आवाज बनकर सिख समुदाय के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहे। उनका मानना था कि राजनीति, चुनावी सफलता के अलावा सिद्धांतों, मूल्यों और लोगों की रक्षा के लिए भी है, जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। 1960 के दशक के उत्तरार्ध में वीके मल्होत्रा सार्वजनिक जीवन का एक स्थायी चेहरा बन गए थे। बहुत कम नेता ऐसा दावा कर सकते हैं कि उनके पास लोगों के बीच रहकर काम करने का इतना लंबा और ठोस अनुभव है। वो एक अथक कार्यकर्ता, उत्कृष्ट संगठनकर्ता और एक संस्था निर्माता थे। उनमें चुनावी राजनीति और संगठनात्मक राजनीति, दोनों में समान



रूप से सहजता के साथ काम करने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने जनसंघ और भाजपा की दिल्ली इकाई को स्थिर नेतृत्व दिया। अपने लंबे सेवाकाल में मल्होत्रा ने सिविक एडमिनिस्ट्रेशन संभाला, राज्य विधानसभा में भी पहुंचे और देश की संसद में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। 1999 के लोकसभा चुनाव में डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ उनकी शानदार जीत समर्थकों और विरोधियों के बीच आज भी याद की जाती है। ये एक बेहद हाई-प्रोफाइल चुनाव था। कांग्रेस की पूरी ताकत उनके दक्षिण दिल्ली क्षेत्र में उतर आई थी। लेकिन मल्होत्रा ने कभी बहस का स्तर नीचे नहीं किया। उन्होंने पॉजिटिव कैंपेन चलाया। गालियों और हमलों को नजरअंदाज किया और 50 प्रतिशत से ज्यादा वोटों के साथ जीत हासिल की। ये जीत सिर्फ प्रचार के दम पर नहीं मिली थी। ये जीत मल्होत्रा की जमीन पर मजबूत पकड़ की वजह से मिली थी। कार्यकर्ताओं से आत्मीय संबंध बनाकर रखने और मतदाताओं के मन की थाह लेने में वो माहिर थे। मल्होत्रा संसद में सटीक तैयारी के साथ अपनी बात रखते थे। वो पूरी रिसर्च करके आते थे और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखते थे। यूपीए-1 के दौरान विपक्ष के उपनेता के रूप में उन्होंने जिस तरीके से काम किया, वो राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए एक मूल्यवान सबक की तरह है। उन दिनों मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था और अक्सर मल्होत्रा से बातचीत होती। वो हमेशा गुजरात की विकास यात्रा के बारे में जानने को उत्सुक रहते थे। राजनीति, वीके मल्होत्रा के व्यक्तित्व का केवल एक पहलू थी। वो एक उत्कृष्ट शिक्षाविद भी थे। उनके परिवार से मुझे पता चला कि उन्होंने स्कूल में डबल प्रमोशन हासिल किया। उन्होंने मैट्रिक और ग्रेजुएशन निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली। उनकी हिंदी पर इतनी अच्छी पकड़ थी कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों का हिंदी अनुवाद प्रायः वही करते थे। वे आरएसएस से जुड़ी कई संस्थाओं के संस्थापक और संरक्षक रहे। उनके प्रयासों से अनेक सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्थाओं का विकास हुआ और मार्गदर्शन मिला। इन संस्थाओं के माध्यम से कई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने एक ऐसे समाज का विजन दिया, जो आत्मनिर्भर हो और मूल्यों पर टिका हो। मल्होत्रा ने राजनीति और अकादमिक जीवन से परे, खेल जगत में भी अमिट छाप छोड़ी। तीरंदाजी उनका गहरा शौक था और वो कई दशकों तक आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजी को ग्लोबल पहचान मिली। उन्होंने खिलाड़ियों को मंच और अवसर दिलाने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए। खेल प्रशासन में भी उन्होंने वही गुण दिखाए जो सार्वजनिक जीवन में थे, यानी समर्पण, संगठन क्षमता और उत्कृष्टता की निरंतर खोज।वी के मल्होत्रा जी को आज लोग उनके द्वारा संभाले गए पदों के साथ ही उनकी संवेदनशीलता के लिए भी याद कर रहे हैं। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्तित्व की रही, जो हमेशा लोगों की मुश्किलों में उनके साथ खड़े रहे। जहां भी मदद की जरूरत पड़ी, वहां उन्होंने खुद आगे बढ़कर योगदान दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों से पीछे नहीं हटे। वे आदर्श पार्टी कार्यकर्ता थे, कभी ऐसा कुछ नहीं बोलते थे जिससे हमारे कार्यकर्ताओं या विचारधारा को ठेस पहुंचे। कुछ दिन पहले, मैं दिल्ली भाजपा के नए मुख्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुआ था। वहां मैंने स्नेहपूर्वक वीके मल्होत्रा को याद किया। इस वर्ष तीन दशक बाद जब भाजपा ने दिल्ली में सरकार बनाई, तो वो बहुत उत्साहित थे। उनकी अपेक्षाएं बहुत बड़ी थीं, जिन्हें हम पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन और उपलब्धियों से प्रेरणा पाती रहेंगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत

# हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों से तबाही का खतरा

जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों के पिघलने की गति जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी गति से ग्लेशियर झीलों की तादाद भी बढ़ रही है। इस हिमालयी इलाके में ग्लेशियर झीलों की बेतहाशा बढ़ती तादाद निचले इलाकों में रहने वालों के लिए भीषण खतरा बन गई है। उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों के आकार में तेजी से हो रही बढ़ोतरी ने वैज्ञानिकों और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों के अध्ययन इस बात के जीते-जागते सबूत हैं कि ग्लेशियर झीलों के विस्तार भविष्य में 2013 की केदारनाथ त्रासदी जैसी भीषण आपदा का सबब बन सकती है। इसलिए इस पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की जरूरत है। यदि हिमालयी राज्य उत्तराखंड को लें, तो इसके उच्च हिमालयी क्षेत्र में लगभग 1266 से भी अधिक ग्लेशियर झीलें हैं। इनमें 13 तो बेहद खतरनाक हैं। इनमें भी पांच उच्च जोखिम वाली क्षेणी में हैं। इनमें बहुतेरी झीलें ऐसी हैं जो विभिन्न कारणों से बनती-बिगड़ती रहती हैं। हाल ही में एक नयी आफत दस्तक दे रही है। वह यह है कि पिथौरागढ़ की दारमा घाटी के ऊपर करीब सात सौ मीटर लम्बी और छह सौ मीटर चौड़ी ग्लेशियर झील ने वैज्ञानिकों को अचरज में डाल दिया है। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि इस झील के आकार में बीते दिनों करीब तीस फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले अरुणाचल में 197 से ज्यादा ग्लेशियर झीलें हैं। ये अपना खतरनाक स्तर पर विस्तार कर रही हैं। इनके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल में 6 और उत्तराखंड में 5 झीलें हैं। कुल मिलाकर 2025 में ही 1,435 ग्लेशियर झीलों का विस्तार हुआ है जो तबाही का संकेत है। गौरतलब है कि ग्लेशियर झीलों का मुद्दा 2013 में केदारनाथ आपदा के समय महत्वपूर्ण बन गया जबकि चौराबाडी ग्लेशियर की झील के फटने से तबाही आई थी। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के मुताबिक उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में लगभग 968 ग्लेशियर हैं जिनमें 12000 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। देखा गया है कि आये दिन उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर से बनने वाली झीलों में जरूरत से ज्यादा पानी आने के कारण बाढ़ का खतरा मंडराता रहता है। इनको लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी द्वारा इन बर्फीली वादियों में बनी झीलों पर बीते महीनों में किये गये अध्ययनों में कई हैरानी वाली बातें सामने आयीं हैं। इसकी पुष्टि वाडिया इंस्टीटयूट आफ हिमालयन जियोलाजी के शोध में भी की गई है। शोध में खुलासा हुआ है कि इन झीलों में पानी बढ़ने से इनका आकार तेजी से विकराल रूप लेता जा रहा है। इसके चलते हमेशा आउटबर्स्ट का खतरा बना रहता है। 2021 में हिमनद का एक हिस्सा टूटने से चमोली में धौलीगंगा नदी में बाढ़ और 2013 में केदारनाथ त्रासदी इसकी जीती-जागती मिसाल है। चूंकि हिमालयन क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से काफी संवेदनशील है, इसलिए यह खतरा और बढ़ जाता है। यही वजह है कि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद हिमालयी अंचल में बनी इन झीलों से आने वाले भीषण खतरों के प्रति काफी चिंतित हैं। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि भारत में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के शोध-अध्ययन और रिपोर्ट इस बात के प्रमाण हैं कि भारत में मौजूद 432 ग्लेशियर झीलों में बहुतेरी ऐसी हैं जिनका आकार जून 2025 के दौरान बढ़ा है। केन्द्रीय जल आयोग की मानें तो देश में सबसे अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार में चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं जो खतरनाक संकेत हैं। याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। फिर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बर्फ के पिघलने से पूरा का पूरा पारिस्थितिकीय तंत्र बदल जाता है जो पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। बढ़ते खतरे से निपटने की दिशा में हमें तत्काल कार्रवाई, फंडिंग के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग की भी बहुत जरूरत है। इसके अलावा हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जाएंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे, खेत सूख जाएंगे, जमीन बंजर हो जाएगी। निष्कर्ष यह कि आपदा प्राकृतिक हो या मानवीय निर्मित ,प्राकृतिक आपदा को तो हम रोक नहीं सकते लेकिन जागरूकता, सतर्कता और सावधानी से होने वाले जान-माल के नुकसान को कम जरूर कर सकते हैं। इसलिए ऐसे कदम प्राथमिकता के आधार पर तो हम उठा ही सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पशुओं के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लें

चार अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। देश में पशु जगत की दुर्दशा को देखकर मन विचलित हो जाता है। गोधन की दुर्दशा देखकर हृदय कंपित हो उठता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पशुओं के प्रति प्रेम और सहानुभूति अभूतपूर्व थी। पशुओं के संरक्षण के लिए आज हमें ठोस प्रयास करने होंगे। पशुओं का अनिवार्य रूप से संरक्षण होना चाहिए। सामूहिक रूप से हिंसा उन्मूलन के प्रयास तेज होने चाहिए। उससे अहिंसात्मक मूल्यों की प्राणप्रतिष्ठा हो सकती है। पशु दुर्व्यवहार एक तरह से जानबूझ कर करने वाला कार्य जैसे मारना, जलाना, भोजन-पानी, आश्रय, देखभाल में कमी जैसी उपेक्षा से पशुओं को पीड़ा होती है। पशु शिकायत नहीं कर सकते। इसलिए हमें उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

*- अशोक दुबे, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# चरमपंथी लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण


पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। न्यायिक और सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक 'आतंकवादी समूह' को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। दो सुरक्षा और दो न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि शनिवार की रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से अधिक समय से इसी शिविर में छिपा हुआ था। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि शकर लेबनानी अधिकारियों की गिरफ्तारी में है, उससे पूछताछ की जाएगी और सेना के खिलाफ अपराध करने के नए आरोपों पर मुकदमे की तैयारी की जाएगी। शकर एक पॉप स्टार था, जो 2002 में अपने एक जबरदस्त हिट गाने के साथ पूरे अरब जगत कें बेहद लोकप्रिय हुआ था।



## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।



## ट्रेंड

### दार्जिलिंग में पुल दुर्घटना

दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुई दुखद जनहानि से मैं बेहद दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### मेरी गहरी संवेदनाएं

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से कई लोगों की मौत और कई के लापता होने की खबर बेहद दुखद है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की आशा करता हूं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### जवाबदेही तय करे सरकार

यह बेहद शर्म की बात है कि भाजपा सरकार में ऐसी आदर्श योजना भी बदनाम हो रही है क्योंकि खांसी की दवा से मौतें हो रही हैं। राज्य सरकार इन मौतों की जवाबदेही तय करने के बजाय (इन्हें) स्वीकार ही नहीं कर रही है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान



### इंसानों की सेवा

आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गोवा को ठीक करने के लिए कर रहा काम। पार्टी राजनीति में सेवा करने के लिए आई है। इंसानों की सेवा करने से भगवान की पूजा करने के समान पुण्य मिलता है। हमारी सभी धार्मिक किताबें इंसानों की सेवा करने का ज्ञान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप : भारत घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी।

उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप के साथ मेजबान भारत सोमवार से यहां नेशनल सेंटर में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है और इसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है।

### शानदार फॉर्म में इंडोनेशिया

*पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। इंडोनेशिया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा (जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं), वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं।*

### दूसरी वरीयता प्राप्त भारत सोमवार को ग्रुप एच में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा



*भारत की उम्मीदें चौहान और दत्तू टीटी पर : बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी। एनसीई, गुवाहाटी में होने वाली चैंपियनशिप में दर्शकों के लिए मुफ्त प्रवेश है। टीम और व्यक्तिगत चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा और शुरुआती राउंड से लेकर क्वार्टर फाइनल तक सभी 9 कोर्ट का सीधा प्रसारण बीएआई यूट्यूब पर किया जाएगा।*

### पदक का प्रबल दावेदार भारत

ग्रुप-एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है। इसमें प्रत्येक सेट में 45 अंकों की रेस होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, बीएआई की ओर से गुवाहाटी में होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा। उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और इसके बाद नॉक-आउट चरण में भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। इसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### चेकमेट प्रतियोगिता में नाकामूरा से हारे गुकेश



**नई दिल्ली।** हिकारु नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराया, जिससे अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश ने भारत को 5-0 से रौंद दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

### अंडर-17 फुटबॉल टीम जाएगी बीजिंग



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 8 और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। ये दोनों मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्टूबर को चीन पहुंचेगी।

### शंघाई मास्टर्स : पेरीकार्ड को हराकर फ्रिट्ज ने किया उलटफेर

**शंघाई।** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

**महिला विश्व कप**

**क्रांति और दीप्ति को 3-3 विकेट**

### भारत ने लगातार चौथे संडे पाकिस्तान को दी मात

# भारतीय महिला टीम ने पाक को 88 रन से हराया, वनडे में अजेय क्रम जारी रखा

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रन से हराकर इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ वनडे में जीत के सिलसिले को जारी रखा। भारतीय महिलाओं ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की और वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ 12वें मुकाबले में जीत दर्ज कर शत प्रतिशत रिकॉर्ड कायम रखा। विश्व कप में यह पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पांचवीं जीत है। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका को हराया था जबकि पाकिस्तान की यह दूसरी हार है। एशिया कप में भारत की पुरुष टीम की पाकिस्तान की टीम से 'हाथ नहीं मिलाने की नीति' पर कायम रहते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के दौरान पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। मैच रैफरी द्वारा टॉस के फैसले में हुई गलती के कारण टॉस पाकिस्तान के पक्ष में चला गया जिसने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम हरलीन देओल की 65 गेंद में संयम से खेली गई 46 रन की पारी और अंत में रिचा घोष के 20 गेंद में तेजी से बनाए गए नाबाद 35 रन से धीमी पिच पर संघर्ष करते हुए पारी की अंतिम गेंद पर 247 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गई।



इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम शीर्ष क्रम के चरमराने के उबर नहीं सकी और सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन की 81 रन की जुझारू पारी के बावजूद 43 ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई। सिदरा अमीन ने भारतीय क्षेत्ररक्षकों द्वारा दिए गए जीवनदान का फायदा उठाते हुए 106 गेंद में नौ चौके और एक छक्का जड़ित पारी खेली। उनके अलावा सिर्फ नतालिया परवेज (33 रन) और सिदरा नवाज (14 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत के लिए क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो विकेट मिले। पाकिस्तान ने 26 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कभी भी पाकिस्तान की बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और लगातार अंतराल पर विकेट झटकना जारी रखा।

**भारत-247/10 (50)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रतिका बो सादिया इकबाल | 31 |
| स्मृति पगबाधा बो फातिमा सना | 23 |
| देओल का नशरा संधू बो रमीन | 46 |
| हरमनप्रीत का नवाज बो डायना | 19 |
| जेमिमा पगबाधा बो नशरा संधू | 32 |
| दीप्ति का नवाज बो डायना | 25 |
| स्नेह का रियाज बो फातिमा सना | 20 |
| रिचा घोष नाबाद | 35 |
| श्री चरणी का परवेज बो सादिया | 01 |
| क्रांति का रियाज बो डायना बेग | 08 |
| रेणुका का नवाज बो डायना बेग | 00 |

अतिरिक्त : 07
कुल : 50 ओवर में 247 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-48, 2-67, 3-106, 4-151, 5-159, 6-201, 7-203, 8-226, 9-247
गेंदबाजी: सादिया इकबाल 10-0-47-2, डायना बेग 10-1-69-4, फातिमा सना 10-2-38-2, रमीन शमीम 10-0-39-1, नाशरा संधू 10-0-52-1

**पाक-159/10 (43)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मुनीबा अली रन आउट | 02 |
| सदफ का एवं बो क्रांति गौड़ | 06 |
| सिदरा का हरमनप्रीत बो राणा | 81 |
| आलिया का दीप्ति बो क्रांति गौड़ | 02 |
| नतालिया का (सब) बो क्रांति गौड़ | 33 |
| फातिमा सना का स्मृति बो दीप्ति | 02 |
| सिदरा नवाज का एवं बो राणा | 14 |
| रमीम शमीम बो दीप्ति | 00 |
| डायना बेग रन आउट | 09 |
| नशरा संधू नाबाद | 02 |
| सादिया इकबाल | 00 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 43 ओवर में 159 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-6, 2-20, 3-26, 4-95, 5-102, 6-143, 7-146, 8-150, 9-158
गेंदबाजी : रेणुका सिंह 10-1-29-0, क्रांति गौड़ 10-3-20-3, स्नेह राणा 8-0-38-2, श्री चरणी 6-1-26-0, दीप्ति शर्मा 9-0-45-3

### टॉस में मैच रैफरी से गलती, पाकिस्तान के पक्ष में दिया फैसला



*भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को महिला विश्व कप मुकाबले के टॉस के दौरान मैच रेफरी शांड्रे फ्रिट्ज से गलती हो गई। इस गलती की वजह से उन्होंने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को टॉस विजेता घोषित कर दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला और सना ने 'टेल्स' कहा लेकिन फ्रिट्ज ने सुनने में गलती की और इसे 'हेड्स' समझ लिया। फिर प्रस्तोता मेल जोन्स ने भी उन्हें टॉस विजेता घोषित किया। सिक्का 'हेड्स अप' गिरा लेकिन टॉस का विजेता पाकिस्तान को माना गया, जिससे उन्होंने बादलों से भरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना।*

# सिमरन शर्मा, प्रीति और नवदीन को रजत पदक

### भारत का अभियान 22 पदकों के साथ खत्म







भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सिमरन शर्मा ने थकान और पीठ में दर्द के बावजूद प्रेरणादायक प्रदर्शन किया और महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को यहां भारत का अभियान रिकॉर्ड 22 पदक के साथ समाप्त हुआ। प्रतियोगिता के आखिरी दिन भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते। भारत का अभियान इस तरह छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। महिलाओं की 100 मीटर टी35 एथलीट प्रीति पाल ने मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए रजत पदक जीता। शुरुआत में पिस्टल की खराबी के कारण उन्हें दो बार गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में दौड़ना पड़ा। एफ41 भाला फेंक स्पर्धा में पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और उन्हें रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। भारत पदक तालिका में दसवें स्थान पर रहा। अगर नवदीप और ऊंची कूद खिलाड़ी प्रदीप कुमार अपने ख्याति के अनुरूप शीर्ष स्थान हासिल रहे होते तो भारत आसानी से चौथे स्थान पर आ सकता था। पुरुषों की 200 मीटर टी44 स्पर्धा के एथलीट संदीप ने 23.60 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ अप्रत्याशित रूप से कांस्य पदक जीत भारत के पदकों की संख्या में इजाफा किया।

### नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते



कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'फिर मुझे 18 साल की उम्र में मेरी पहली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया और मैं बस अनुभव के लिए गई और फिर यही मेरा काम बन गया।' मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने के दौरान दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाने वाली कॉकरॉफ्ट 2011 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के बाद से कोई बड़ा फाइनल नहीं हारी हैं। उन्होंने चार पैरालंपिक खेलों में भाग लिया है और नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते।

## अनीसीमोवा ने जीता चाइना ओपन का खिताब, विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने चाइना ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। यह चाइना ओपन में उनका पहला खिताब है। बीस साल की नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारुप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

## वालीशेट्टी ने जीता अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब



**अल ऐन (यूएई)।** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। तस्नीम ने मुकाबले में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन श्रेयांशी ने अपना धैर्य बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक गेम तक ले गईं। इसी लय को जारी रखते हुए श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं ।

## रजत की टीम को हराकर विदर्भ तीसरी बार जीता ईरानी कप का खिताबा

एजेंसी ▶▶| नागपुर

यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा।

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



**तायडे और ढुल चुना गया मैन ऑफ द मैच**

### ठाकुर और ढुल के बीच मैदान में हुई तनातनी

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिए। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग: चेल्सी ने लीवरपूल को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया, जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरुरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

## ला लीगा टूर्नामेंट: विलारीयाल को हराकर शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड।

विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया, जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए। इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी।लेवांते ने ओविएडो को 2-0 से हराया।

## सिरी ए टूर्नामेंट : क्रेमोनेस पर इंटर मिलान की एकतरफा जीत

एजेंसी ▶▶| मिलान



लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है। मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## महज तीन माह में लग जाएगी एग्रीमेंट पर मुहर

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इधर टैरिफ लगाते रहे उधर, भारत ने यूरोप के साथ कर ली ट्रेड डील!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) अगले तीन महीनों में ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं, जिसमें कृषि, स्थिरता और बाजार पहुंच से संबंधित मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है। वन वर्ल्ड आउटलुक की रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप के टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख के कारण भारत और ईयू के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत और तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग बेस, डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार और उच्च घरेलू उपभोग, भारत को चीन का विकल्प तलाशने वाली यूरोपीय कंपनियों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है।

### बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग बेस, डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार होगा

### रूस और चीन पर निर्भरता कम करना हो जाएगा आसान

**अब भारत के एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में उभरेगा**



### चिली के साथ अक्टूबर और पेरू के साथ नवंबर में होगी व्यापार वार्ता

भारत और दो दक्षिण अमेरिकी देशों चिली तथा पेरू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर अगले दौर की बातचीत क्रमशः अक्टूबर और नवंबर में होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चिली के साथ पांच दिवसीय वार्ता 27 अक्टूबर को सैंटियागो में शुरू होगी, जबकि पेरू के साथ तीन दिवसीय विचार-विमर्श तीन नवंबर को लीमा में शुरू होगा। दोनों समझौतों पर अलग-अलग बातचीत की जा रही है। भारत चिली के साथ दूसरे दौर की व्यापार वार्ता तथा पेरू के साथ आठवें दौर की बातचीत करेगा। भारत और चिली ने 2006 में एक अधिमान्य व्यापार समझौता (पीटीए) लागू किया था और अब वे एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए इसके दायरे को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच हुए पीटीए को और आगे बढ़ाना है और इसमें डिजिटल सेवाएं, निवेश संवर्धन और सहयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों को शामिल करना है। भारत और चिली के बीच द्विपक्षीय व्यापार सामान्य सा है। वित्त वर्ष 2024-25 में, चिली को भारत का निर्यात 2.46 प्रतिशत घटकर मात्र 1.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, आयात 72 प्रतिशत बढ़कर 2.60 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

## रूस ने यूक्रेन में दागी 50 बैलिस्टिक मिसाइलें

**कीव।** रूस की ओर से शनिवार की रात को बड़ी संख्या में यूक्रेन पर ड्रोन, मिसाइल और बमों से हमला किया गया है। रातभर किए गए इन हमलों नें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार सुबह अपने बयान में कहा कि रूस ने उनके देश नौ क्षेत्रों में 50 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल और 500 ड्रोन रातभर में दागे हैं।

## ट्रंप का दावा, नेतन्याहू फौज हटाने को तैयार

**तेल अवीव।** अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि हमास ने कुछ शर्ते मान ली हैं और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी गाजा से फौज हटाने को तैयार हो गए हैं। ट्रंप के इस बयान के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने गाजा पर ताबड़तोड़ बमबारी कर दी। शनिवार को इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलस्तीनियों की मौत हो गई जिनमें 7 बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 2 महीने से लेकर 8 साल तक बताई गई है। वहीं ट्रंप ने कहा है कि हमास ने कुछ शर्तें मान ली हैं।

## अब जॉर्जिया की सड़कों पर हो रहे हिंसक प्रदर्शन

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया में हालात विस्फोटक बन चुके हैं, सरकार के खिलाफ लोग सड़कों पर हैं, जगह-जगह हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। राष्ट्रपति भवन तक को घेर लिया गया है, सुरक्षाबल स्थिति को काबू में करने की कोशिश कर रहे हैं। भीड़ को काबू में करने के लिए वाटर कैनन, पेपर स्प्रे और आंसू गैस का इस्तेमाल हो रहा है, पूरा प्रयास है कि भीड़ को तितर-बितर किया जाए।

## बौखलाए पाकिस्तान ने दी भारत को धमकी

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद को लेकर भारत सख्त टिप्पणी पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीधड़ धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी।







| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| SPLENDOR+ | ~~₹77 981~~ ₹71 888# | ₹6 093 |
| DESTINI PRIME | ~~₹78 754~~ ₹72 601# | ₹6 153 |

एक्सचेंज ऑफर + ₹2 500~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs FESTIVE TREATS + प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू | विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200^ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ* | Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini Prime in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.